कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धी कला, हाजीपुर)
(स्थापना शाखा)

रबिन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मो0 नं0—8544412079
हाजीपुर, वैशाली—844102
E-mail Id.-dpoestbvaishali@gmail.com

पत्रांकः— 369 /

सेवा में,

प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक
प्रारंभिक / मध्य / उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय,
जिला—वैशाली।

हाजीपुर, दिनांकः— 21/02/26

विषयः— विद्यालय की भूमि का सीमांकन तथा जमाबंदी करवाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि पूर्व में जिला पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में सभी विद्यालय प्रधान को विद्यालय की भूमि दाखिल खारिज करने हेतु आवेदन संबंधित अंचलाधिकारी को समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था। कतिपय विद्यालयों के द्वारा पत्राचार किया गया है कि विद्यालय की भूमि अतिक्रमित है या जमाबंदी कायम नहीं है।

उक्त के आलोक में सभी विद्यालय के प्रधान को निदेश दिया जाता हैः—

1. विद्यालय की भूमि का सीमांकन करने हेतु यथा शीध्र संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,कार्यालय को आवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्राप्त आवेदन को समेकित करते हुए, विद्यालय की भूमि का सीमांकन करवाने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अनुरोध करेंगे।
2. विद्यालय की भूमि अतिक्रमित है या दाखिल खारिज लंबित है तो संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय को आवेदन समर्पित करेंगे। संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्राप्त आवेदन को समेकित करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अनुरोध करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझे।

21.2.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः— 369 / दिनांकः— 21/02/26

प्रतिलिपिः— सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— सभी अंचलाधिकारी, जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला—वैशाली को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला—वैशाली को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः— भूमि सुधार उप समहार्त्ता, जिला—वैशाली को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः— सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला—वैशाली को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः— उप विकास आयुक्त, जिला—वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः— जिला पदाधिकारी की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

21.2.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।